| Roll No. | | | | | | | | | | | Serial No. of Q. C. A. B. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 50 + 28 = 78 ] [ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 16

Total No. of Questions : 50 + 28 = 78 ] [ Total No. of Printed Pages : 16

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H** ವಿಷಯ : **ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Code No. : 06-H** **Subject : First Language — HINDI**

ದಿನಾಂಕ : 30. 03. 2009 ] [ Date : 30. 03. 2009

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 125 ] [ Max. Marks : 125

**FOR OFFICE USE ONLY**

**PART – A**

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | 11. | | 21. | | 31. | | 41. | |
| 2. | | 12. | | 22. | | 32. | | 42. | |
| 3. | | 13. | | 23. | | 33. | | 43. | |
| 4. | | 14. | | 24. | | 34. | | 44. | |
| 5. | | 15. | | 25. | | 35. | | 45. | |
| 6. | | 16. | | 26. | | 36. | | 46. | |
| 7. | | 17. | | 27. | | 37. | | 47. | |
| 8. | | 18. | | 28. | | 38. | | 48. | |
| 9. | | 19. | | 29. | | 39. | | 49. | |
| 10. | | 20. | | 30. | | 40. | | 50. | |

***Total Marks of Part – A***

**PART – B**

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 51. | | 56. | | 61. | | 66. | | 71. | | 76. | |
| 52. | | 57. | | 62. | | 67. | | 72. | | 77. | |
| 53. | | 58. | | 63. | | 68. | | 73. | | 78. | |
| 54. | | 59. | | 64. | | 69. | | 74. | | | |
| 55. | | 60. | | 65. | | 70. | | 75. | | | |

***Total Marks of Part – B***

| **Total Marks in words** | | **Grand Total** | |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ✓ | | ✓ | ✓ |
| 2. ✓ | | | |
| *Signature of Evaluators* | *Registration No.* | *Signature of the Deputy Chief* | *Signature of the Room Invigilator* |

www.StudyGuideIndia.com

[ Turn over

**सामान्य निर्देश :**

i) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका के दो विभाग **Part - A** एवं **Part - B** हैं ।

ii) **Part - A** में 50 प्रश्न एवं **Part - B** में 28 प्रश्न हैं ।

iii) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में ही प्रश्नों के उत्तर हेतु स्थान दिये गये हैं ।

iv) **Part - A** के निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्न के साथ दिए गये खाली जगह पर सही विकल्प को पूर्ण रूप से लिखिए ।

v) **Part - B** के प्रत्येक प्रश्न हेतु पर्याप्त स्थान दिये गये हैं । आपको उसी स्थान में प्रश्न के उत्तर लिखना है ।

## PART - A

इस विभाग के अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न हेतु **चार** विकल्प सुझाए गये हैं । सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर प्रश्न के नीचे दिए गये जगह पर पूर्ण रूप से लिखिए : $50 \times 1 = 50$

1. 'सलिल' शब्द का सही अर्थ है

(A) पानी (B) सरल

(C) सामन्त (D) आग ।

उत्तर : ______

2. 'विश्व राज्य' कविता के कवि हैं

(A) सुमित्रानन्दन पंत (B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) कबीर ।

उत्तर : ______

3. 'साया' शब्द का अर्थ है

(A) सच्चा (B) साली

(C) परछाईं (D) मरना ।

उत्तर : ______

4. सीता गा रही है । इसमें क्रिया का काल है

(A) तात्कालिक वर्तमानकाल (B) भूतकाल

(C) तात्कालिक भूतकाल (D) भविष्यत्काल ।

उत्तर : ______

5. 'पतनोन्मुख' शब्द का संधि विच्छेद है

(A) पत + उन्मुख (B) पतनोन् + मुख

(C) पतनो + मुख (D) पतन + उन्मुख ।

उत्तर : ______

6. 'तरंग' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) तिरंगा (B) तारे

(C) लहर (D) तैरना ।

उत्तर : ______

www.StudyGuideIndia.com

7. 'पढ़ना' शब्द का प्रेरणार्थक रूप है

(A) पढ़ाना (B) पढ़ाई

(C) पढ़ो (D) पढ़ेंगे ।

उत्तर : ________________

8. 'सूरसागर' निम्न में से किनके द्वारा रचित महाकाव्य है ?

(A) तुलसीदास (B) सूरदास

(C) सर्यदास (D) सूरदेव ।

उत्तर : ________________

9. 'लड़की' शब्द का अन्य वचन रूप है

(A) लड़कीयाँ (B) लड़का

(C) लड़कियाँ (D) लड़के ।

उत्तर : ________________

10. गौरैया पक्षी है

(A) आँगन की (B) गगन की

(C) धरती की (D) हवा की ।

उत्तर : ________________

11. 'नायक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(A) नायकि (B) नायकी

(C) नायिकाएँ (D) नायिका ।

उत्तर : ________________

12. 'बुढ़ापा' शब्द का विशेषण रूप है

(A) बूढ़ी (B) बुढ़ापे

(C) बूढ़ा (D) बुढ़ा ।

उत्तर : ________________

13. 'मेरी जीवन गाथा' पाठ के लेखक हैं

(A) जयशंकर प्रसाद (B) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(C) प्रेमचन्द (D) अमृतलाल नागर ।

उत्तर : ________________

14. तुलसीदास कृत महाकाव्य का नाम है

(A) श्रीरामचरितमानस (B) साहित्य लहरी

(C) सूरसारावली (D) कृष्ण कर्णामृत ।

उत्तर : ________________

15. हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) डॉ० मनमोहन सिंह

(C) प्रतिभा पाटील (D) एच० डी० देवेगौड़ा ।

उत्तर : ________________

www.StudyGuideIndia.com

16. 'छोटा' शब्द का संज्ञा रूप है

(A) छोटापन (B) छुटपन

(C) छोटे (D) छोटी ।

उत्तर : ____________________

17. हिन्दुओं का प्रमुख धर्मग्रन्थ है

(A) जेन्दावेस्ता (B) कुरान

(C) बैबल (D) भागवत ।

उत्तर : ____________________

18. कुवेंपु के घर का नाम था

(A) पूर्णचन्द्र (B) इन्दुकला

(C) उदय रवि (D) तमाला ।

उत्तर : ____________________

19. 'परिपूर्ण' शब्द में उपसर्ग है

(A) परि (B) पूर्ण

(C) प (D) र्ण ।

उत्तर : ____________________

20. निम्न में सर्वनाम का उदाहरण है

(A) लड़का (B) बूढ़ा

(C) उसका (D) महिला ।

उत्तर : ____________________

21. जो सलाह देता है उसे कहते हैं

(A) सलाही (B) सलाहकार

(C) सलाहे (D) सलाह देनेवाला ।

उत्तर : ____________________

22. 'हवाई किले बनाना' इस मुहावरे का अर्थ है

(A) कल्पना करना (B) हवा खाना

(C) किले बनाना (D) हवाई जहाज ।

उत्तर : ____________________

23. निम्न शब्द समूहों में अननुरूप शब्द है

(A) हिन्दू (B) बौद्ध

(C) जैन (D) महावीर ।

उत्तर : ____________________

24. 'धीरे-धीरे' — निम्न में से किस का एक उदाहरण है ?

(A) विशेषण का (B) क्रिया का

(C) क्रिया विशेषण का (D) संज्ञा का ।

उत्तर : ____________________

www.StudyGuideIndia.com

25. 'तैराक' शब्द में प्रत्यय है

(A) तै (B) राक

(C) तैरा (D) इक ।

उत्तर : ____________________

26. श्री महेन्द्र भटनागर का जन्म हुआ

(A) झाँसी में (B) दिल्ली में

(C) काशी में (D) सीही में ।

उत्तर : ____________________

27. निम्न में छायावादी कवि हैं

(A) महावीरप्रसाद द्विवेदी (B) सुमित्रानन्दन पंत

(C) सूरदास (D) कबीर ।

उत्तर : ____________________

28. कार्य सूचक शब्द को कहते हैं

(A) विशेषण (B) संज्ञा

(C) क्रिया (D) सर्वनाम ।

उत्तर : ____________________

29. सूरदास के गुरु थे

(A) मध्वाचार्य (B) वल्लभाचार्य

(C) चैतन्य (D) शंकराचार्य ।

उत्तर : ____________________

30. 'सूरज के उगते ही किसान चला' — यह वाक्य है

(A) साधारण वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) मिश्र वाक्य ।

उत्तर : ____________________

31. निम्न में 'हलधर' किसको कहते थे ?

(A) बलराम को (B) श्रीराम को

(C) परशुराम को (D) श्रीकृष्ण को ।

उत्तर : ____________________

32. 'फूलों का गुच्छ' — यह उदाहरण है

(A) जातिवाचक संज्ञा का (B) समूहवाचक संज्ञा का

(C) द्रव्यवाचक संज्ञा का (D) भाववाचक संज्ञा का ।

उत्तर : ____________________

33. $3\frac{3}{4}$ को हिन्दी में कहते हैं

(A) पौने तीन (B) पौने चार

(C) पौना (D) सवा तीन ।

उत्तर : ____________________

www.StudyGuideIndia.com

34. रथीन बाबू की पत्नी का नाम था

(A) प्रभावती (B) कलावती

(C) यशवंती (D) ललिता ।

उत्तर : ____________________

35. निन्दा का उद्‌गम होता है

(A) प्रशंसा से (B) मूर्खता से

(C) हीनता से (D) होशियारी से ।

उत्तर : ____________________

36. 'गणेश' — निम्न में से किस संधि का उदाहरण है ?

(A) यण् संधि (B) गुण संधि

(C) व्यंजन संधि (D) दीर्घ संधि ।

उत्तर : ____________________

37. चूड़ामणि थे

(A) एक राजा (B) एक सेनापति

(C) एक मंत्री (D) एक सैनिक ।

उत्तर : ____________________

38. 'भयभीत' शब्द का विग्रह होता है

(A) भय का भीत (B) भय-भीत

(C) भय से भीत (D) भय की भीत ।

उत्तर : ____________________

39. 'दामिनी' का अर्थ है

(A) बिजली (B) दमन

(C) वमन (D) दीदी ।

उत्तर : ____________________

40. 'निश्चल' का संधि विच्छेद है

(A) निश्च + ल (B) नि + चल

(C) निः + चल (D) निश + चल ।

उत्तर : ____________________

41. ऊपरी वायुमंडल में गैस रहता है

(A) नाइट्रोजन (B) ऑक्सीजन

(C) हाइड्रोजन (D) ओज़ोन ।

उत्तर : ____________________

42. सीता गाना गाती थी — यहाँ क्रिया का काल है

(A) वर्तमानकाल (B) भूतकाल

(C) तात्कालिक वर्तमानकाल (D) भविष्यत्काल ।

उत्तर : ____________________

www.StudyGuideIndia.com

43. 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) पानी (B) गरल

(C) सुधा (D) विष ।

उत्तर : ______

44. भारत में प्रमुख चार धामों में मठ स्थापित किये थे

(A) रामानुजाचार्य ने (B) शंकराचार्य ने

(C) वल्लभाचार्य ने (D) मध्वाचार्य ने ।

उत्तर : ______

45. आधुनिक हिन्दी के कहानी सम्राट हैं

(A) जयशंकर प्रसाद (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) प्रेमचन्द ।

उत्तर : ______

46. वर्षा देनेवाला देवता है

(A) वायु (B) अग्नि

(C) इन्द्र (D) वरुण ।

उत्तर : ______

47. मृग-दाव में किस प्राणि को रखते थे ?

(A) हिरण को (B) गाय को

(C) बैल को (D) गधा को ।

उत्तर : ______

48. प्रिय विरह से रो-रोकर कौन बावली हो गयी थी ?

(A) यशोदा (B) राधा

(C) देवकी (D) सीता ।

उत्तर : ______

49. दो शब्दों के मेल को कहते हैं

(A) समास (B) संधि

(C) संज्ञा (D) कारक ।

उत्तर : ______

50. लंका में सीता को बन्दी बनाया था

(A) विभीषण ने (B) कुंभकर्ण ने

(C) अंगद ने (D) रावण ने ।

उत्तर : ______

www.StudyGuideIndia.com

## PART - B

निम्न प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में लिखिए : 10 × 2 = 20

51. कौन एक दूसरे का पूरक हो सकता है ?

52. जीवन में सुख-दु:ख के रूप क्या-क्या हैं ?

53. गोपियों ने उद्धव से निर्गुण के बारे में क्या पूछा ?

54. मानव आज क्या कर रहा है ?

55. आग की भयानकता पर राक्षस-राक्षसियों की क्या प्रतिक्रिया है ?

56. मनुष्य को क्या पता नहीं है ?

www.StudyGuideIndia.com

57. नदियाँ और समुद्र अब क्या बनते जा रहे हैं ?

58. दीपू दादाजी को क्या बताता है ?

59. एक सप्ताह के बाद उन्हें किसे बेच दिया गया ?

60. 'जीवन साधन की अवहेलना' किस वीर का कर्म नहीं है ?

निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **चार-पाँच** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

61. विज्ञान का श्रम व्यर्थ है । क्यों ?

62. ममता ने अपनी कुटिया में हुमायूँ को क्यों आश्रय दिया ?

www.StudyGuideIndia.com

63. सरस्वती के संपादन का भार उठाने पर द्विवेदीजी ने क्या संकल्प किया ?

64. कुवेंपु कौन–कौन से सम्मानों एवं पुरस्कारों से अलंकृत हुए थे ?

www.StudyGuideIndia.com

निम्नलिखित पद्यांशों को पूरा कीजिए : 2 × 2 = 4

65. यो प्यारे को ............................................................. ।

............................................................................ ।

............................................................................ ।

..................................................... बोध मैं दे सकूँगी ॥

66. सुनिए सब की .................................................. भव–बागर में ।

करिए व्रत नेम ................................................. भव सागर में ॥

निम्नलिखित पद्यों के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर सरल हिन्दी में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

67. काँप न, यद्यपि दसो दिशा में
तुझे शून्य नभ घेर रहा है,
रुक न, यद्यपि उपहास जगत् का
तुझको पथ से हेर रहा है ।

**प्रश्न :**

i) कविता का नाम लिखिए ।

ii) कवि का नाम लिखिए ।

iii) सारांश सरल हिन्दी में लिखिए ।

68. देखे जातुधान जातुधानी अकुलानी कहै
कानन उजार्‌यो अब नगर प्रजारी है ॥

**प्रश्न :**

i) कविता का नाम लिखिए ।

ii) कवि का नाम लिखिए ।

iii) सारांश सरल हिन्दी में लिखिए ।

www.StudyGuideIndia.com

निम्न में से किन्हीं **दो** कवियों का परिचय दीजिए : 2 × 3 = 6

सूरदास
मैथिलीशरण गुप्त
अज्ञेय

i) कवि का काल
ii) जन्म-मरण स्थल
iii) उनके बारे में जानकारी ।

69.

70.

www.StudyGuideIndia.com

निम्न की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $2 \times 3 = 6$

71. भेद तो रात्रि के अंधकार में ही मिटता है, दिन के उजाले में भेद स्पष्ट हो जाते हैं ।

i) पाठ / पद्य का नाम

ii) कवि / लेखक का नाम

iii) व्याख्या :

72. जो लोग चिड़ियों का शिकार करते भी हैं, वे गौरैया नहीं मारते, गौरैया मारना पाप समझते हैं ।

i) पाठ / पद्य का नाम

ii) कवि / लेखक का नाम

iii) व्याख्या :

www.StudyGuideIndia.com

निम्न शब्दों के दो अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 × 2 = 2

73. सोना

i) अर्थ : i) अर्थ :

ii) प्रयोग : ii) प्रयोग :

i)

ii)

i)

ii)

निम्न का छन्द पहचानकर नाम लिखिए : 1 × 2 = 2

74. पोथी पढ़ि–पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय ।

मात्रा गणन

छन्द का नाम–कारण

निम्न का अलंकार पहचानकर नाम लिखिए : 1 × 2 = 2

75. वे हलधर के वीर

अलंकार का नाम :

लक्षण :

पत्र लेखन : 1 × 4 = 4

76. चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने अध्यापक को एक छुट्टी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

प्रवास जाने के लिए धन और अनुमति माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।

www.StudyGuideIndia.com

पाठांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4

77. संपादकाचार्य बाबूराव विष्णु पराड़कर का हिन्दी तथा साहित्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है । हिन्दी पत्रकारिता के आप जनक हैं । आपकी मामाजी की प्रेरणा से आप कलकत्ता गये । आपका मुख्य लक्ष्य था क्रांतिकारी लोगों की सहायता करना । आपका संबन्ध भगत सिंह तथा राजगुरु से था । क्रांतिकारियों के सहयोगी होने के कारण ये गिरफ्तार हुए ।

**प्रश्न :**

i) आप किनकी प्रेरणा से कलकत्ता गये ?

ii) आपका मुख्य लक्ष्य क्या था ?

iii) आपका संबन्ध किनसे था ?

iv) आप क्यों गिरफ्तार हुए थे ?

www.StudyGuideIndia.com

निम्न में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : $1 \times 5 = 5$

78. i) विज्ञान से हानि–लाभ
    ii) चन्द्रयान
    iii) पर्यावरण ।

www.StudyGuideIndia.com